University in News on 16 November 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि में अगले सत्र से एक वर्षीय परास्नातक

चार वर्षीय स्नातक डिग्रीधारकों को ही मिलेगा पाठ्यक्रम में दाखिला

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत अगले साल से एक साल का परास्नातक पाठ्यक्रम शुरू हो जाएगा। चार वर्षीय स्नातक डिग्री धारकों को इसमें दाखिला मिलेगा। लविवि प्रशासन ने इसके लिए सभी विभागों को सिलेबस तैयार करने का निर्देश जारी कर दिया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने वर्ष 2020 से अपने यहां नई शिक्षा नीति लागू कर दी थी। नई शिक्षा नीति में स्नातक पाठ्यक्रम में किसी भी स्तर पर पढ़ाई छोड़ने और दोबारा दाखिला लेने की व्यवस्था है। इससे पहले तक स्नातक तीन साल का था। नई शिक्षा नीति में स्नातक स्तर पर चौथे साल की पढ़ाई पूरी करने पर विद्यार्थी को डिग्री विद रिसर्च की उपाधि प्रदान करने का नियम है। इस उपाधि का एक फायदा यह होगा कि परास्नातक की पढ़ाई सिर्फ एक साल में पूरी करने की सुविधा भी है। लविवि में अगले साल चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम की पढ़ाई पूरी करने वाला पहला बैच निकलेगा। ऐसे में लविवि को इस बैच को एक साल के परास्नातक पाठ्यक्रम में दाखिला देने का विकल्प भी देना होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए लविवि प्रशासन ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। जल्द ही इसे सभी विभागों की बोर्ड ऑफ स्टडीज में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा।

सिलेबस में शोध को बढ़ावा मिलेगा

प्रस्तावित सिलेबस में शोध को बढ़ावा देने की बात कही गई है। इसके लिए विभागों व संकाय स्तर पर शिक्षकों के साथ बैठक कर उनके विचारों को शामिल किया जाएगा। विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो. विभूति राय ने बताया कि शिक्षा नीति में बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम में अंतिम वर्ष में बीएससी ऑनर्स विद रिसर्च डिग्री मिलनी है। इसके साथ ही एक ही वर्षीय परास्नातक एमएससी में भी शोध को शामिल करने की बात कही गई है। ऐसे में यह तय किया है कि पाठ्यक्रम का प्रारूप इस तरह का हो जिसमें विद्यार्थियों को शोध का अधिक मौका मिले। वर्तमान में विवि में तीन वर्षीय स्नातक और दो वर्षीय परास्नातक पाठ्यक्रम संचालित है। अब एक वर्षीय पीजी और चार वर्षीय यूजी लागू करने की तैयारी चल रही है।

7.5 सीजीपीए वाले विद्यार्थियों को ही चौथे वर्ष में मिलेगा प्रवेश

लविवि ने स्नातक आर्डिनेंस में कई बदलाव किए हैं। इसके तहत 7.5 सीजीपीए पाने वाले विद्यार्थियों को ही स्नातक चौथे साल में दाखिला मिलेगा। नई शिक्षा नीति में 7.5 सीजीपीए से कम वाले विद्यार्थियों को मल्टीडिसिप्लिनरी डिग्री देने की व्यवस्था है, लेकिन लविवि ने यह मौका नहीं दिया है। फिलहाल 7.5 सीजीपीए वाले विद्यार्थियों को ही चौथे वर्ष में दाखिला और एक वर्षीय परास्नातक पाठ्यक्रम सुविधा का लाभ मिलेगा।

परीक्षा की तैयारी के लिए विभागों को भेजा पत्र

डीन साइंस प्रो. विभूति राय ने बताया कि विषम सेमेस्टर के लिए प्रस्तावित परीक्षाओं की तिथि जारी हो चुकी हैं। ऐसे में सभी विभागों पत्र भेज दिया गया है कि वह छात्र-छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित कर लें। इसके साथ ही विभागीय स्तर पर रिवीजन भी शुरू कर दें।

लविवि : केंद्रीय मंत्री होंगी स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि

अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री।

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 103वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। विवि का स्थापना दिवस समारोह 25 नवंबर को मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं।

मुख्य अतिथि की औपचारिक सहमति के बाद कुलपति आलोक कुमार राय ने कार्यक्रम में उनके उपस्थित रहने की जानकारी दी। अन्नपूर्णा देवी झारखंड के कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से सदस्य निर्वाचित हैं। इस मौके पर वह विवि की विशिष्ट कॉफी टेबल बुक को भी लॉन्च करेंगी। (संवाद)

कॉफी टेबल बुक में शामिल होंगी इतिहास, संस्कृति व अकादमिक उपलब्धियां

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के गौरवशाली कार्यों और कैंपस लाइफ को जीवंत करने के उद्देश्य से बनाई गई कॉफी टेबल बुक कई मायनों में अलग होगी। इसमें विवि के 103 वर्षों के इतिहास, संस्कृति, अकादमिक उपलब्धियों, पूर्व छात्रों के जीवन से जुड़े पन्ने शामिल होंगे। इसे विवि के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लांच करेंगी।

विवि के 25 नवंबर को होने वाले स्थापना दिवस समारोह में कॉफी टेबल बुक को मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी लॉन्च करेंगी। कॉफी टेबल बुक में खूबसूरत तस्वीरों, कहानियों और जरूरी जानकारियों संग लविवि की स्थापना से लेकर वर्तमान उपलब्धियों तक की यात्रा दिखाई गई है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि इस कॉफी टेबल बुक में शिक्षकों, कर्मचारियों के समर्पण और हमारे छात्रों का उत्साह देखने को मिलेगा। प्रो. राय के मुताबिक, इससे पाठक उन मील के पत्थर और परिवर्तनकारी क्षणों का पता लगा सकेंगे, जिन्होंने वर्षों से हमारे विश्वविद्यालय को परिभाषित किया है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कॉफी टेबल बुक विवि के आईपीपीआर कार्यालय पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। से कोई भी व्यक्ति इसे खरीद सकता है। जिससे इस प्रतिष्ठित संस्थान की विरासत का पता लगाने की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को ज्यादा समस्या नहीं उठानी पड़ेगी। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 7

एलयू स्थापना दिवस के मुख्य अतिथि तय

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 103वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर भारत सरकार की शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल होंगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बुधवार को जानकारी दी। प्रो. राय ने बताया कि एलयू का स्थापना दिवस हर वर्ष 25 नवंबर को मनाया जाता है। इस वर्ष की मुख्य अतिथि झारखंड के कोडरमा से लोकसभा सदस्य और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी होंगी।

एमएससी एक वर्षीय कोर्स में शोध को प्राथमिकता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक चार व परास्नातक एक वर्षीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा लगभग तैयार कर ली गई है। इसमें एमएससी एक वर्षीय पाठ्यक्रम में शोध को प्राथमिकता पर शामिल करने का फैसला लिया गया है। एलयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत सत्र 2024-25 से यूजी चार व पीजी एक वर्षीय कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके पाठ्यक्रम को लागू करने के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

एलयू की कॉफी टेबल बुक में होगा इतिहास

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 103 वर्षों के इतिहास, संस्कृति, अकादमिक उपलब्धियों, पूर्व छात्रों के गौरवपूर्ण कार्यों और कैंपस लाइफ को जीवंत करने वाली एक कॉफी टेबल बुक तैयार की गई है। जिसका अनावरण 103वें स्थापना दिवस के मौके पर किया जाएगा। एलयू की ओर से 25 नवंबर को आयोजित किए जाने वाले स्थापना दिवस समारोह में कॉफी टेबल बुक को लांच किया जाएगा। इसमें खूबसूरत तस्वीरों, कहानियों और जानकारियों संग एलयू की स्थापना से लेकर वर्तमान उपलब्धियों तक की यात्रा दिखाई गई है।

एलयू: विज्ञान संकाय के छात्रों को रिवीजन कराएं

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के मद्देनजर छात्रों को रिवीजन कराया जाए। इसके लिए विभाग अपने स्तर से तैयारी शुरू कर दें। यह बातें विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. विभूति राय ने कही। इस संबंध में उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर दिया है। ताकि वह इस बारे में उचित कदम उठा सकें।

i-NEXT PAGE 4

काफी टेबल बुक में होगा एलयू का संपूर्ण इतिहास

i UPDATE

स्थापना दिवस पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री होंगी मुख्य अतिथि

LUCKNOW (15 Nov): लखनऊ विश्वविद्यालय का 103वां स्थापना दिवस 25 नवंबर को मनाया जाएगा. समारोह की मुख्य अतिथि भारत सरकार की शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी होंगी. इस अवसर पर विश्वविद्यालय अपनी विशिष्ट काफी टेबल बुक भी लांच करेगा.

इतिहास का होगा वर्णन

लवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी झारखंड के कोडरमा से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हैं. इस बार वह मुख्य अतिथि होंगी. उन्होंने बताया कि काफी टेबल बुक में लवि का ऐतिहासिक समृद्ध इतिहास, शानदार पूर्व छात्र-छात्राओं, शैक्षणिक उपलब्धियों और परिसर के जीवन की जीवंतता का वर्णन होगा. यह बुक लवि के आइपीपीआर कार्यालय में खरीदने के लिए भी उपलब्ध रहेगी. उन्होंने कहा कि काफी टेबल बुक सिर्फ एक किताब नहीं है. यह इतिहास का एक टुकड़ा, प्रेरणा का स्रोत और विश्वविद्यालय के हृदय का प्रवेश द्वार है. यह पूर्व छात्र-छात्राओं के लिए एक खजाना, भावी छात्रों के लिए एक संसाधन और पूरे लखनऊ विश्वविद्यालय समुदाय के लिए गर्व का प्रतीक है.इस काफी टेबल बुक से दशकों में लखनऊ विश्वविद्यालय की उत्पत्ति और विकास का पता लगा सकते हैं.

शैक्षणिक उत्कृष्टता

विश्वविद्यालय की अग्रणी अनुसंधान पहलों, नवीन शैक्षणिक कार्यक्रमों और इसके सम्मानित शिक्षकों के समर्पण को उजागर करने में मदद करेगी. विश्वविद्यालय परिसर को सुशोभित करने वाले वास्तुशिल्प उत्कृष्टता और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने में मदद करेगा, एक ऐसा स्थान जहां शैक्षणिक प्रेरणा और शांत परिदृश्य सामंजस्यपूर्ण रूप से साथ-साथ हैं.

उल्लेखनीय पूर्व छात्र

उन उत्कृष्ट व्यक्तियों से मिलने में मदद कर सकते हैं, जिन्होंने व्यवसाय और विज्ञान से लेकर कला और सार्वजनिक सेवा तक विभिन्न क्षेत्रों में अमिट छाप छोड़ते हुए विश्वविद्यालय के पवित्र परिसर में प्रवेश किया था.

JAGRAN CITY PAGE IV

काफी टेबल बुक से जान सकेंगे लवि का अतीत और वर्तमान

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय का 103वां स्थापना दिवस 25 नवंबर को मनाया जाएगा। समारोह की मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी होंगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय अपनी विशिष्ट काफी टेबल बुक भी लांच करेगा।

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी

- स्थापना दिवस पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री होंगी मुख्य अतिथि

लवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी झारखंड के कोडरमा से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हैं। इस बार वह मुख्य अतिथि होंगी। उन्होंने बताया कि काफी टेबल बुक में लवि का ऐतिहासिक समृद्ध इतिहास, शानदार पूर्व छात्र-छात्राओं, शैक्षणिक उपलब्धियों और परिसर के जीवन की जीवंतता का वर्णन होगा। यह बुक लवि के आइपीपीआर कार्यालय में खरीदने के लिए भी उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि काफी टेबल बुक सिर्फ एक किताब नहीं है। यह इतिहास का एक टुकड़ा, प्रेरणा का स्रोत और विश्वविद्यालय के हृदय का प्रवेश द्वार है। यह पूर्व छात्र-छात्राओं के लिए एक खजाना, भावी छात्रों के लिए एक संसाधन और पूरे लवि के लिए गर्व का प्रतीक है।

पुस्तक की कुछ खास बातें : इस काफी टेबल बुक से दशकों में लखनऊ विश्वविद्यालय की उत्पत्ति और विकास का पता लगा सकते हैं। एक मामूली संस्थान से सीखने और अनुसंधान के विश्व-प्रसिद्ध केंद्र में इसके परिवर्तन को जान सकते हैं।

उल्लेखनीय पूर्व छात्र : उन उत्कृष्ट व्यक्तियों से मिलने में मदद कर सकते हैं, जिन्होंने व्यवसाय और विज्ञान से लेकर कला और सार्वजनिक सेवा तक विभिन्न क्षेत्रों में अमिट छाप छोड़ते हुए लवि के पवित्र परिसर में प्रवेश किया था। विश्वविद्यालय की अग्रणी अनुसंधान पहलों, नवीन शैक्षणिक कार्यक्रमों और इसके सम्मानित शिक्षकों के समर्पण को उजागर करने में मदद करेगी। विश्वविद्यालय परिसर को सुशोभित करने वाले वास्तुशिल्प उत्कृष्टता और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने में मदद करेगा।

PIONEER PAGE 3

एलयू की समृद्ध विरासत है कॉफी टेबल बुक, स्थापना दिवस पर होगा अनावरण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने स्थापना दिवस यानि 25 नवंबर को एक शानदार कॉफी टेबल बुक के लॉन्च की घोषणा की है, जो इसके ऐतिहासिक समृद्ध इतिहास, शानदार पूर्व छात्रोंए शैक्षणिक उपलब्धियों और परिसर के जीवन की जीवंतता का वर्णन करेगी।

खूबसूरती से तैयार की गई यह उत्कृष्ट कृति, लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर इसकी वर्तमान उपलब्धियों तक, इसके विकास के इतिहास के माध्यम से एक सम्मोहक दृश्य यात्रा प्रस्तुत करती है। इसमें अद्भुत फोटोग्राफी, ज्ञानवर्धक आख्यान और मनोरम कहानियाँ हैं। यह हर पृष्ठ में लखनऊ विश्वविद्यालय के सार को समाहित करता है, पाठकों को अकादमिक प्रतिभा और सामुदायिक भावना की दुनिया में खींचता है।

काफी टेबल बुक की यह है विशेषता

कॉफी टेबल बुक से दशकों में लखनऊ विश्वविद्यालय की उत्पत्ति और विकास का पता लगा सकते हैं, एक मामूली संस्थान से सीखने और अनुसंधान के विश्व-प्रसिद्ध केंद्र में इसके परिवर्तन को जान सकते हैं। साथ ही उन उत्कृष्ट व्यक्तियों से मिलने में मदद मिल सकती है, जिन्होंने व्यवसाय और विज्ञान से लेकर कला और सार्वजनिक सेवा तक विभिन्न क्षेत्रों में अमिट छाप छोड़ते हुए विश्वविद्यालय के पवित्र परिसर में प्रवेश किया था।

विश्वविद्यालय की अग्रणी अनुसंधान पहलों, नवीन शैक्षणिक कार्यक्रमों और इसके सम्मानित शिक्षकों के समर्पण को उजागर करने में मदद करेगी। वहीं विश्वविद्यालय परिसर को सुशोभित करने वाले वास्तुशिल्प उत्कृष्टता और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने में मदद करेगा, एक ऐसा स्थान जहां शैक्षणिक प्रेरणा और शांत परिदृश्य सामंजस्यपूर्ण रूप से साथ.साथ हैं। काफी टेबल बुक को लेकर विवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय का कहना है कि लखनऊ विश्वविद्यालय हमेशा उत्कृष्टता का केंद्र रहा है और हमारे संस्थान के सार का प्रतीक है, जो इसके समृद्ध इतिहास और आशाजनक भविष्य को प्रदर्शित करता है। हम इस दृश्य यात्रा को अपने पूर्व छात्रों, वर्तमान छात्रों, शिक्षकों और मित्रों के साथ साझा करने के लिए रोमांचित हैं।

स्थापना दिवस पर केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री होंगी मुख्य अतिथि

लखनऊ विश्वविद्यालय का 103 वां स्थापना दिवस 25 नवंबर 2023 को मनाया जाएगा। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि इस बार स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि भारत सरकार की शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी होंगी। अन्नपूर्णा देवी झारखंड के कोडरमा से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हैं। स्थापना दिवस समारोह में ही लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अपना विशिष्ट काफी टेबल बुक भी लॉन्च किया जाएगा।

SWATATRA BHARAT PAGE 2

लविवि अपनी समृद्ध विरासत का मनाएगा उत्सव

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रतीक लखनऊ विश्वविद्यालय ने एक शानदार कॉफी टेबल बुक के लॉन्च की घोषणा कर दी है। जो इसके ऐतिहासिक समृद्ध इतिहास,

उत्कृष्ट कॉफी टेबल बुक का करेगा अनावरण

शानदार पूर्व छात्रों, शैक्षणिक उपलब्धियों और परिसर के जीवन की जीवंतता का वर्णन करेगी। खूबसूरती से तैयार की गई यह उत्कृष्ट कृति, लविवि की स्थापना से लेकर इसकी वर्तमान उपलब्धियों तक इसके विकास के इतिहास के माध्यम से एक सम्मोहक दृश्य यात्रा प्रस्तुत करती है। इसमें अद्भुत फोटोग्राफी, ज्ञानवर्धक आख्यान और मनोरम कहानियाँ हैं। यह हर पृष्ठ में लविवि के सार को समाहित करता है, पाठकों को अकादमिक प्रतिभा और सामुदायिक भावना की दुनिया में खींचता है। इस पुस्तक की कुछ मुख्य विशेषताएं हैं।

ऐतिहासिक विकासः इस कॉफी टेबल बुक से दशकों में लविवि की उत्पत्ति और विकास का पता लगा सकते हैं, एक मामूली संस्थान से सीखने और अनुसंधान के विश्व प्रसिद्ध केंद्र में इसके परिवर्तन को जान सकते हैं।

उल्लेखनीय पूर्व छात्रः उन उत्कृष्ट व्यक्तियों से मिलने में मदद कर सकते हैं, जिन्होंने व्यवसाय और विज्ञान से लेकर कला और सार्वजनिक सेवा तक विभिन्न क्षेत्रों में अमिट छाप छोड़ते हुए विवि के पवित्र परिसर में प्रवेश किया था।

शैक्षणिक उत्कृष्टताः विश्वविद्यालय की अग्रणी अनुसंधान पहलों, नवीन शैक्षणिक कार्यक्रमों और इसके सम्मानित शिक्षकों के समर्पण को उजागर करने में मदद करेगी।

परिसर सौंदर्यः विश्वविद्यालय परिसर को सुशोभित करने वाले वास्तुशिल्प उत्कृष्टता और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने में मदद करेगा, एक ऐसा स्थान जहां शैक्षणिक प्रेरणा और शांत परिदृश्य सामंजस्यपूर्ण रूप से साथ-साथ हैं।

सा ंस्क ृतिक जीवंतताः कला प्रदर्शनियों, प्रदर्शनों और बहुत कुछ सहित विश्वविद्यालय समुदाय के भीतर पनपने वाली जीवंत सांस्कृतिक और कलात्मक अभिव्यक्तियों में खुद को डुबो सकते हैं।

यह उल्लेखनीय कॉफी टेबल बुक एक असाधारण शैक्षिक अनुभव प्रदान करने, नवाचार को बढ़ावा देने और राजनेताओं और परिवर्तन निर्माताओं की अगली पीढ़ी का पोषण करने के लिए लविवि के समर्पण के प्रमाण के रूप में कार्य करती है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि लविवि हमेशा उत्कृष्टता का केंद्र रहा है और हमारे संस्थान के सार का प्रतीक है,जो इसके समृद्ध इतिहास और आशाजनक भविष्य को प्रदर्शित करता है। हम इस दृश्य यात्रा को अपने पूर्व छात्रों, वर्तमान छात्रों, शिक्षकों और मित्रों के साथ साझा करने के लिए रोमांचित हैं। यह विश्वविद्यालय के सार को शानदार तरीके से प्रदर्शित करता है, जिसमें आश्चर्यजनक फोटोग्राफी हमारे परिसर की सुंदरता, हमारे शिक्षकों और कर्मचारियों के समर्पण और हमारे छात्रों के उत्साह को दिखाती है। उन्होंने कहा, इसके माध्यम से पाठक उन मील के पत्थर और परिवर्तनकारी क्षणों का पता लगाएंगे जिन्होंने वर्षों से हमारे विश्वविद्यालय को परिभाषित किया है। यह सिर्फ एक किताब नहीं है, यह इतिहास का एक टुकड़ा, प्रेरणा का स्रोत और विवि के हृदय का प्रवेश द्वार है। यह पूर्व छात्रों के लिए एक खजाना, भावी छात्रों के लिए एक संसाधन और पूरे लविवि समुदाय के लिए गर्व का प्रतीक है। कॉफी टेबल बुक लविवि आईपीपीआर कार्यालय में खरीदने के लिए भी उपलब्ध रहेगी। जो इसे पूर्व छात्रों, वर्तमान छात्रों, शिक्षकों और इस प्रतिष्ठित संस्थान की विरासत का पता लगाने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक आदर्श उपहार के रूप में है।

स्थापना दिवस समारोह की मुख्य अतिथि होंगी अन्नपूर्णा देवी

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार शामिल होंगी। गौरतलब है कि लविवि का 103वां स्थापना दिवस आगमी 25 नवंबर को मनाया जाएगा। इस बारे में कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने बताया कि इस बार के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि भारत सरकार की शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी रहेंगी। अन्नपूर्णा देवी झारखंड के कोडरमा से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हैं। स्थापना दिवस समारोह में ही लविवि द्वारा अपना विशिष्ट काफी टेबल बुक भी लॉन्च की जाएगी।

THE PIONEER PAGE 3

LU introduces student registration number

PNS ■ LUCKNOW

Lucknow University has announced a new initiative aimed at enhancing the educational experience for its students by introducing registration numbers. This initiative comes as a part of the university's ongoing commitment to improving efficiency, communication and the overall learning environment.

"The introduction of registration numbers for students brings forth several significant benefits. Applicants will be assigned a unique student registration number upon registration, making it easier to track their admission progress and communicate with the university. The unique registration number will allow applicants to check their admission status, including application status, document verification and fee payment in real-time. This fosters transparency and reduces anxiety during the admission process," the Lucknow University spokesperson said.

He said that the introduction of student registration number simplified various administrative procedures, ensuring a more efficient and convenient experience for the students. This includes easy access to academic records, quick verification of student identities and streamlined communication with the university.

"Student registration number adds an additional layer of security to protect students' personal and academic information, reducing the risk of unauthorised access or identity fraud. With their registration number, students can conveniently access academic services such as course registration, exam results and library services. This integration makes academic life at the Lucknow University more efficient and productive. Students can now request official transcripts and certificates more easily by providing their unique registration number. This streamlines the process for graduates and alumni, supporting their career and academic endeavors," he said.

The spokesperson further pointed out that the university could now send personalised information and updates to students using their registration number, ensuring that important announcements, events and academic information reach the right individuals promptly. "Student registration numbers can facilitate the formation of student communities, making it easier for peers to connect and collaborate on academic and extracurricular projects. Registration number helps in maintaining a lifelong connection with students. It plays a vital role in tracking the academic and professional journeys of alumni, facilitating networking, mentorship and contributions back to the university community," the spokesperson added.

"Registration number aids in the disbursement of scholarship and financial aid to eligible students, ensuring that deserving individuals receive the support they need for their education," he added.

LU Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai remarked, "The introduction of student registration numbers in the Lucknow University is a significant step toward enhancing the overall student experience. It empowers our students with convenient access to a wide range of services, ultimately contributing to their success during their time at the university. This initiative underscores our commitment to enhancing the educational journey of our students and improving our services in line with the digital age."

Coffee table book released

PNS ■ LUCKNOW

Lucknow University announced the release of a magnificent coffee table book that chronicles its history, illustrious alumni, academic achievements and the vibrant tapestry of campus life.

This beautifully curated masterpiece offers a compelling visual journey through the annals of Lucknow University's evolution, from its founding to its present-day achievements.

Stunning photographs, insightful narratives and captivating stories encapsulate the essence of Lucknow University in every page, drawing readers into a world of academic brilliance and community spirit.

"It explores the origins and growth of Lucknow University over the decades, as it transformed from a modest institution into a world-renowned centre of learning and research. One can also meet outstanding individuals who have walked the hallowed halls of the university, leaving an indelible mark in various fields, from business and science to the arts and public service, and delve into the university's pioneering research initiatives, innovative academic programmes, and the dedication of its esteemed faculty," said the LU spokesperson.

He said that one could revel in the architectural marvels and natural beauty that adorn the university campus, a place where academic inspiration and serene landscapes harmoniously coexist.

"One can see the vibrant cultural and artistic expressions that flourish within the university community, including art exhibitions, performances, and more.This remarkable coffee table book serves as a testament to the dedication of Lucknow University to providing an exceptional educational experience, fostering innovation and nurturing the next generation of leaders and changemakers," he said.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि होंगी केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का 103 वां स्थापना दिवस 25 नवंबर 2023 को मनाया जाएगा। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने वताया कि इस वार स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि भारत सरकार की शिक्षा राज्यमंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी होंगी। श्रीमती अन्नपूर्णा देवी झारखंड के कोडरमा से लोकसभा सदस्य निर्वाचित है। इस स्थापना दिवस समारोह में ही लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अपना विशिष्ट काफी टेवल वुक भी लॉन्च किया जाएगा।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

एलयू की कॉफी टेबल बुक में होगा गौरवशाली इतिहास



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 103 वर्षों के इतिहास, संस्कृति, अकादमिक उपलब्धियों, पूर्व छात्रों के गौरवपूर्ण कार्यों और कैंपस लाइफ को जीवंत करने वाली एक कॉफी टेबल बुक तैयार की गई है। जिसका अनावरण 103वें स्थापना दिवस के मौके पर किया जाएगा।

एलयू की ओर से 25 नवंबर को आयोजित किए जाने वाले स्थापना दिवस समारोह में कॉफी टेबल बुक को लांच किया जाएगा। इसमें खूबसूरत तस्वीरोंए कहानियों और जरूरी जानकारियों संग एलयू की स्थापना से लेकर वर्तमान उपलब्धियों तक की यात्रा दिखाई गई है। कुलपति प्रोण आलोक कुमार राय ने कहा कि इस कॉफी टेबल बुक में विश्वविद्यालय के सार को शानदार तरीके से प्रदर्शित किया गया है। जिसमें हमारे परिसर की सुंदरताए शिक्षकों व कर्मचारियों के समर्पण और हमारे छात्रों का उत्साह देखने को मिलेगा। प्रोण राय के मुताबिकए इससे पाठक उन मील के पत्थर और परिवर्तनकारी क्षणों का पता लगा सकेंगेए जिन्होंने वर्षों से हमारे विश्वविद्यालय को परिभाषित किया है।

आईपीपीआर से खरीद सकेंगे बुकः प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तवने बताया कि एलयू स्थित आईपीपीआर कार्यालय से कोई भी व्यक्ति कॉफी टेबल बुक खरीद सकेगा। जिससे इस प्रतिष्ठित संस्थान की विरासत का पता लगाने की इच्छा रखने वाले व्यक्ति को ज्यादा परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

एलयू स्थापना दिवस पर के मुख्य अतिथि का नाम तयः लखनऊ विश्वविद्यालय के 103वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर भारत सरकार की शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी शामिल होंगी। कुलपति प्रोण आलोक कुमार राय ने बुधवार को जानकारी दी। प्रोण राय ने बताया कि एलयू का स्थापना दिवस हर वर्ष 25 नवंबर को मनाया जाता है। इस वर्ष की मुख्य अतिथि झारखंड के कोडरमा से लोकसभा सदस्य और केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी होंगी। जिनकी मौजूदगी में एलयू अपनी विशिष्ट काफी टेबल बुक भी लॉन्च करेगा।

एमएससी एक वर्षीय पाठ्यक्रम में शोध को मिलेगी प्राथमिकता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक चार व परास्नातक एक वर्षीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा लगभग तैयार कर ली गई है। इसमें एमएससी एक वर्षीय पाठ्यक्रम में शोध को प्राथमिकता पर शामिल करने का फैसला लिया गया है।

एलयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति.2020 के तहत सत्र 2024.25 से यूजी चार व पीजी एक वर्षीय कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इसके पाठ्यक्रम को लागू करने के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसे आगामी दिनों में विभाग स्तर पर होने वाली विद्या परिषद की बैठक में मंजूरी देने के लिए रखा जाएगा। पाठ्यक्रम तैयार करने वाली समिति ने स्नातक अंतिम वर्ष की तरह ही एमएससी एक वर्षीय में शोध को प्राथमिकता देने का फैसला किया है।

विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. विभूति राय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति.2020 में बीएससी चार वर्षीय पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष में बीएससी ऑनर्स विद रिसर्च डिग्री मिलनी है। एक वर्षीय परास्नातक एमएससी में भी शोध को शामिल करने का निर्णय लिया गया है। प्रोण राय के मुताबिकए विज्ञान संकाय के सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि एमएससी एक वर्षीय पाठ्यक्रम में शोध को कितनी जगह देनी है, इसपर अपनी राय व्यक्त करें।

लविवि के स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि होंगी केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री

लखनऊ। लविवि का 103 वां स्थापना दिवस 25 नवंबर को मनाया जाएगा। कुलपति लविववि प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि इस बार स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी होंगी। अन्नपूर्णा देवी जी झारखंड के कोडरमा से लोकसभा सदस्य निर्वाचित हैं। इस स्थापना दिवस समारोह में ही लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा अपना विशिष्ट काफी टेबल बुक भी लॉन्च किया जाएगा।

LOKSATYA PAGE 2

एलयू की कॉफी टेबिल बुक में दिखेगी समृद्ध विरासत

लखनऊ, लोकसत्य



शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रतीक लखनऊ विश्वविद्यालय शानदार कॉफी टेबल बुक लांच करेगा। जिसमें ऐतिहासिक समृद्ध इतिहास, शानदार पूर्व छात्रों, शैक्षणिक उपलब्धियों और परिसर की जीवंतता का जिक्र होगा। बुक विश्वविद्यालय की स्थापना, वर्तमान उपलब्धियां, इतिहास के दृश्यों से रूबरू करायेगी। कॉफी टेबल बुक के जरिए एलयू की उत्पत्ति, विकास व इस अनुसंधान के विश्व-प्रसिद्ध केंद्र में बदलावों को जान सकते हैं। पुरातन छात्रों की उपलब्धियां, कैंपस का प्राकृतिक सौंदर्य, वास्तुशिल्प की जानकारी मिलेगी। इसके अलावा सांस्कृतिक जीवंतता की यात्रा में कला प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक और कलात्मक अभिव्यक्तियों के दर्शन होंगे। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने बताया कि एलयू हमेशा उत्कृष्टता का केंद्र रहा है, और हमारे संस्थान के सार का प्रतीक है, जो इसके समृद्ध इतिहास और आशाजनक भविष्य को प्रदर्शित करता है। इस दृश्य यात्रा को अपने पूर्व छात्रों, वर्तमान छात्रों, शिक्षकों और मित्रों के साथ साझा करने के लिए रोमांचित हैं। यह सिर्फ एक किताब नहीं है; यह इतिहास का एक टुकड़ा, प्रेरणा का स्रोत और विश्वविद्यालय के हृदय का प्रवेश द्वार है। कॉफी टेबल बुक लखनऊ विश्वविद्यालय आईपीपीआर कार्यालय में खरीदी जा सकेगी।

TOI PAGE 3

Union minister to grace LU's foundation day

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: Union minister of state for education Annpurna Devi will be the chief guest at the 103rd foundation day of Lucknow University (LU) on November 25.

On the occasion, LU will also release a coffee table book that chronicles its history, illustrious alumni, academic achievements, and the vibrant tapestry of campus life.

The book will offer a compelling visual journey of LU, from its founding days to its present-day achievements, said an official.

LU vice-chancellor Prof AK Rai said, "LU has always been a cradle of excellence, and the book embodies the essence of our institution, capturing its rich history and promising future. We are thrilled to share this visual journey with our alumni, students, faculty, and friends."

HINDUSTAN TIMES PAGE 3

Ahead of its Foundation Day, LU's rich legacy celebrated with coffee table book

HT Correspondent

letters@htlive.com



The book delves into varsity's research initiatives, academic programs, and dedication of the faculty. HT FILE

LUCKNOW: Ten days ahead of its foundation day celebrations (on November 25), Lucknow University announced the launch of a coffee table book that chronicles its storied history, illustrious alumni, academic achievements and the vibrant tapestry of campus life.

"This curated masterpiece offers a visual journey through the annals of Lucknow University's evolution, from its founding to its present-day achievements," said Durgesh Srivastava, LU spokesperson.

The book includes the historical evolution of the university, its origins and growth over the decades, as it transformed from a modest institution into a world-renowned centre of learning and research, he said.

The book also features alumni who have walked the hallowed halls of the university, leaving an indelible mark in various fields, from business, science, arts and public service, he added. It also delves into the university's pioneering research initiatives, innovative academic programs, and the dedication of its esteemed faculty.

"The book embodies the essence of our institution. It captures its rich history and promising future. We are thrilled to share this visual journey with our alumni, students, faculty, and friends," said Prof Alok Kumar Rai, vice chancellor, University of Lucknow.

"Through this, the readers will explore the milestones and transformative moments that have defined our university over the years," he added.

"It is a treasure for alumni, a resource for prospective students, and an emblem of pride for the entire Lucknow University community," said LU spokesperson.

The coffee table book is available for purchase at the Lucknow University IPPR office, making it a perfect gift for alumni, students, faculty, and anyone who wishes to explore the legacy of this venerable institution, he added.

Union minister to attend celebrations on Nov 25

Union minister of state for education Annapurna Devi will be the chief guest on the 103rd foundation day celebrations of Lucknow University to be held on November 25.

Lucknow University will also carry out public launch of its coffee table book in this Foundation Day celebration itself.